बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के अधीन वि०सं० 57/2020, सहायक प्राध्यापक, भूगर्भ–शास्त्र के अंतर्गत विज्ञापन की कंडिका 3 में अंकित शैक्षणिक योग्यताः– "आधारभूत विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी के विषय क्षेत्रों में संकाय के लिए भर्ती और प्रोन्नति हेतु अर्हताएं **यूजीसी अधिसूचना सं0–एफ. 1–2/2017 (ईसी/पीएस) दिनांक 18 जुलाई 2018** तथा समय–समय पर यूजीसी द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार होगी। The qualifications for recruitment and promotions of faculty in the disciplines of Basic Sciences, Social Science and Humanities shall be as per the **UGC Notification no. F. 1-2/2017 (EC/PS) Dated 18th July, 2018** and UGC guidelines issued from time to time." के आलोक में अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सूची (कारण सहित), एवं आपत्ति सम्बन्धी विहित प्रारूप आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित है।

अनर्हित एवं औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि अगर उन्हें अपनी अनर्हता/औपबंधिक अर्हता के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो अनर्हता/औपबंधिक अर्हता के कारणों के प्रमाण हेतु साक्ष्य सहित अभ्यावेदन सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्रों सहित उपलब्ध निर्धारित आपत्ति प्रारूप को भरकर **निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/आयोग के ई–मेल- bpscpat-bih@nic.in** के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि वह **दिनांक** 10.10.2022 तक संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना– 800001 को अवश्य प्राप्त हो जाए। आवेदक आश्वस्त हो लें कि निर्धारित प्रारूप के साथ संलग्न साक्ष्य की छायाप्रति स्पष्ट एवं पठनीय हो। साक्ष्य के आधार पर जाँचोपरान्त सही पाए जाने की स्थिति में विज्ञापन में निहित शर्तों के आलोक में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

निर्धारित तिथि तक विहित प्रारूप में वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में बाद में किसी प्रकार का अनुरोध/दावा स्वीकार नहीं होगा।

28.9.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना